कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मऊ।

पत्रांक 2145 / m-1 / 41 दिनांक 28/7/26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय : **अमर उजाला ई-पेपर में दिनांक 28.07.2026 को मऊ न्यूज-" जल जीवन मिशन की टंकी से पानी के लिए किया प्रदर्शन" शीर्षक से प्रकाशित समाचार के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि **अमर उजाला ई-पेपर में दिनांक 28.07.2026 को मऊ न्यूज-" जल जीवन मिशन की टंकी से पानी के लिए किया प्रदर्शन"** शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया है। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड- मुहम्मदाबाद गोहना के चलिसंवा पेयजल परियोजना का कार्य मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कार्य कराया जा रहा है। फर्म के पत्र सं0 LC/JJM/LKO/MAU/2026-27/193, दिनांक 28.07.2026 (प्रति संलग्न) के माध्यम से अवगत कराया गया है कि चलिसवां ग्राम पंचायत पेयजल योजना, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद गोहना में सभी कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है एवं नियमित रूप से जलापूर्ति चल रही थी। वर्तमान में कुछ स्थानों पर लीकेज की समस्या के कारण जलापूर्ति बाधित है। लीकेज मरम्मत का कार्य किया जा रहा है, शीघ्र ही सभी लीकेज मरम्मत का कार्य पूर्ण कर नियमित रूप से जलापूर्ति चालू कर दी जाएगी।

अनुरोध है कि कृपया प्रकरण निक्षेपित करने का कष्ट करें।

संलग्नक : **1- पेपर कटिंग की छायाप्रति।**
**2- फर्म का पत्र।**

भवदीय

(रामेश्वर दयाल)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः-

1- प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
2- अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
3- जिलाधिकारी महोदय, मऊ को सादर अवलोकनार्थ।
4- मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मऊ को सादर सूचनार्थ।
5- मुख्य अभियन्ता (वारा.क्षेत्र), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आजमगढ़।
7- जिला सूचना अधिकारी (निरीक्षा शाखा), मऊ।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

lc infra
projects pvt. ltd.

Letter No-LC/JJM/LKO/MAU/2026-27/193 Date- 28.07.2026

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मऊ।

**विषय**:- जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य के संदर्भ में दैनिक जागरण अखबार में दिनांक 28.07.2026 को छापी गयी न्यूज़ के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संदर्भ में अवगत कराना है कि ग्राम पंचायत चलीसवाँ विकास खण्ड मोहम्मदाबाद गोहना में सभी कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है एवं नियमित रूप से पानी की सप्लाई चल रही है, वर्तमान में कुछ स्थानों में लीकेज की समस्या के कारण पानी की सप्लाई बाधित है, जिसका रिपयेरिंग का कार्य किया जा रहा है, जल्द ही सभी लीकेज रिपयेरिंग का कार्य पूर्ण कर पानी की सप्लाई नियमित रूप से चालू कर दी जाएगी।

मेसर्स एल.सी. इन्फ्रा
मऊ

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ सादर प्रेषित है-
1. अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मऊ।

Scanned with OKEN Scanner

# Mau News: जल जीवन मिशन की टंकी से पानी के लिए किया प्रदर्शन

वाराणसी ब्यूरो

Updated Tue, 28 Jul 2026 12:57 AM IST



चालीसवाँ गांव में जल जीवन मिशन द्वारा गांव में पानी न पहुंचने को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण

मुहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक क्षेत्र के चलिसवां गांव में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी और बिछाई गई पाइपलाइन ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझा पा रही है। घर-घर पाइपलाइन और टोटियां लगाए जाने के बावजूद नियमित जलापूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है।

प्रदर्शन कर रहे भूषण चौहान, राधेश्याम चौहान, रमेश चौहान, राजेंद्र चौहान, राजकुमार चौहान, चंद्रकला कन्नौजिया, लक्ष्मण, सुमन, केवला देवी और इस्रावती ने बताया कि पानी की टंकी के अलावा इंडिया मार्का हैंडपंप भी पूरी तरह बंद पड़ा है, जिससे क्षेत्र में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है।

मजबूरी में लोगों को दूर स्थित इंडिया मार्का हैंडपंप से पानी लाकर अपनी जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं। पाइपलाइन में कभी-कभी केवल 10 मिनट से 30 मिनट तक ही पानी आता है। उसके बाद जलापूर्ति बंद हो जाती है।

Scanned with OKEN Scanner